फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, माण्डल

लालु बनाम गोविन्दराम (वगैरा)

किस्म मुकदमा – प्रार्थनापत्र 111-120 नं० 91 सन् 2020

दिनांक	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
3.6.20	वाद / प्रार्थनापत्र बाद जाँच प्रस्तुत हुआ दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगण को सम्मन नोटिस जारी किये जावें । पत्रावली दिनांक 14.7.20 को पेश हो। उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर माण्डल	
14.7.20	उभय पक्ष उपस्थित। पीठासीन अधिकारी राजकीय कार्य से बाहर हैं। अवकाश पर हैं / पदरिक्त है। अतः पत्रावली दिनांक 11.8.20 को पेश हो। रीडर उपखण्ड अधिकारी माण्डल	
11.8.2	पत्रावली पेश हुई, अभिभाषकगण द्वारा न्यायिक कार्य स्थगन/बहिष्कार रखने से पत्रावली दिनांक 25.8.20 को पेश हो।	
25.8.20	उभय पक्ष उपस्थित। पीठासीन अधिकारी राजकीय कार्य से बाहर हैं। अवकाश पर हैं / पदरिक्त है। अतः पत्रावली दिनांक 15-9-20 को पेश हो। रीडर उपखण्ड अधिकारी माण्डल	
15.9.20	पत्रावली पेश हुई. वकील प्रार्थी उपस्थित. अप्रार्थीगण के सम्मन बाद तामील लेकर प्राप्त हुए जिसे शामिल पत्रावली किये गये, तहसीलदार माण्डल से मौका रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसे शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थीगण को कितनी मर्तबा आवाजे दिलायी जाने उपरान्त भी उपस्थित नहीं, इनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये जाते है। वकील प्रार्थी ने बहस करने ...	

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahipal Singh
Date: 2020.09.30 12:40:11 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
	वकील प्रार्थी की बहस सुनी गयी। वकील प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर निर्णय पृथक से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी मांडल जिला भीलवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahipal Singh
Date: 2020.09.30 12:40:11 IST
Reason: SelfAttested

S[illegible] with CamScanner

राजस्थान –सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी माण्डल जिला भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी–महीपाल सिंह, आर.ए.एस.
मुकदमा संख्या – 91/20 प्रा॰ पत्र
श्री कालू S/o श्री बख्तावर बलाई निवासी माण्डल तहसील माण्डल

–प्रार्थी

बनाम

श्री गोपिचन्द्र S/o श्री भीसु स्वारोल निवासी स्वारोल बस्ती तालाब के पास माण्डल तहसील माण्डल व अन्य (संलग्न प्रा॰ पत्र संलग्न)

–विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा.भू.रा.अधि. 1956

दिनांकः– 15.09.20

::आदेश::

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा.भू.रा.अधि. 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम.......माण्डल.......पटवार हल्का.......माण्डल.......तहसील माण्डल में उसके खाते /संयुक्त खाते की आराजी नं. 1529/07.......कुल किता.......01.......रकबा.......—.......बीघा.......16.......बिस्वा स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध्य आराजी मुतदायिवा के सीमा चिन्ह नहीं होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। जिसमें प्रार्थी अपने खाते/संयुक्त खाते की भूमि की पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराये जावें।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक ....19.06.20.......को पंजीवद्व किया जाकर पत्रावली प्रकरण को अवलोकनार्थ से यह बात सिद्ध है कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी एवं कब्जे काश्त काश्त की होने से पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकारी अभिलेख में किसी प्रकार की हेरा–फेरी होने का अंदेशा नहीं है तथा न किसी प्रकार अधिकर निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यों को देखते हुए नैसर्गिक की न्यायिक सिद्वान्त के आधार पत्र स्वीकार योग्य है।

::आदेश::

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा.भू.रा.अधि. 1956 का स्वीकार किया जाकर ग्राम.......माण्डल.......पटवार हल्का.......माण्डल.......तहसील माण्डल में उसके खाते/संयुक्त खाते की आराजी नं.......1529/7.......कुल किता.......01.......रकबा.......—.......बीघा.......16.......बिस्वा भूमि के चारों तरफ सीमा की पुख्ता जानकारी किये जाने हेतु पत्थरगढी किये जाने का आदेश दिया जाता है। पत्थरगढी किये जाने हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक.......माण्डल.......कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा 400/– रुपये/– करावें। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकरान् की मौजुदगी में मौके व कब्जे की यथास्थिति को बनाये रखते हुए मुस्तकील बिन्दु को आधार मानकर पत्थरगढी की जावें। फसल खडी होने पर पत्थरगढी नहीं की जावें।

उपखण्ड अधिकारी
मांडल जिला भीलवाड़ा

प्रतिलिपिः– तहसीलदार माण्डल को भेजकर लेख है कि प्रार्थी द्वारा राशि जमा कराने पर नियमानुसार पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट 07 दिवस में प्रस्तुत करें।

उपखण्ड अधिकारी
मांडल जिला भीलवाड़ा

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahipal Singh
Date: 2020.09.30 12:40:11 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner